**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**21.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**पल्स पोलियो**

प्रदेशभर में पल्स पोलियो अभियान के तहत आज 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने राजधानी शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से बच्चों को खुराक पिलाकर इस अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि अभियान को प्रदेश में पूरी गंभीरता और मज़बूती के साथ चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और पोलियो मुक्त हिमाचल के लक्ष्य को बनाए रखने के लिए अभियान में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल भी इस दौरान मौजूद रहे। आज खुराक पीने से वंचित रहे बच्चों को 22 और 23 दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर जाकर ये दवा पिलाएंगे।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ये अभियान देश के सबसे सफल जन स्वास्थ्य अभियानों में से एक है जिसके परिणाम स्वरूप भारत आज पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए 5 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को निर्धारित समय पर पोलियो खुराक पिलाना अनिवार्य है।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है। सिरमौर ज़िले के राजकीय विद्यालय चांदनी के वार्षिक समारोह में आज उन्होंने कहा कि बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेज़ी माध्यम से शिक्षा शुरू की गई है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के सौ सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को सी.बी.एस.ई. बोर्ड से संचालित किया जाएगा।

**जगत सिंह नेगी**

दूसरी ओर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार जनजातीय व दुर्गम इलाकों में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। किन्नौर ज़िले के राजकीय विद्यालय कोठी के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश पांचवें स्थान पर है जबकि पूर्व भाजपा कार्यकाल में 21वें स्थान पर था। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनका शारीरिक व बौधिक विकास होना अनिवार्य है जिसके लिए उन्हें पढ़ाई के साथ–साथ खेल व अन्य साहसिक गतिविधियों से जोड़ा जाना चाहिए।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025 को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस देश में सनातन विरोधी की पहचान बना चुकी है और इस योजना का विरोध केवल राम नाम के कारण है। दूसरी ओर, भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि ये विधेयक विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को ज़मीनी स्तर पर साकार करने की मज़बूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में वैधानिक रोज़गार गारंटी को सौ से बढ़ाकर एक सौ 25 दिन किया जाना ये दर्शाता है कि भाजपा सरकार ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा, सम्मान और भविष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**अग्निवीर**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल–बी.एस.एफ. में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष तक जबकि शेष पूर्व अग्निवीरों को 3 वर्ष की छूट मिलेगी। मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार पूर्व अग्निवीरों को शारीरिक मानक परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा से भी छूट दी जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक भर्ती वर्ष में पूर्व अग्निवीरों के लिए रिक्तियां आरक्षित रहेंगी। पूर्व सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत और ट्रेड्समैन के लिए तीन प्रतिशत तक रिक्तियां आरक्षित रहेंगी।

**पदक**

चम्बा ज़िला की गोल्डन गर्ल सीमा ने कोलकाता में आयोजित विश्वस्तरीय एथलैटिक्स स्पर्धा में आज 25 हज़ार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है। धावक सीमा की इस सफलता पर चम्बा ज़िले के लोगों में खुशी का माहौल है। ज़िला परिषद सदस्य मनोज कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सीमा को बधाई दी है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीती रात ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्के हिमपात का भी समाचार है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के मध्यम व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।

........................